राजस्थान सरकार
निदेशालय स्थानीय निकाय, राज0 जयपुर
जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर
Phone & Fax-0141- 2222403/2223239 web- www.lsgraj.org E-mail ID_ dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांकः एफ 55 ( ) पीए/सीई/डीएलबी/2022/1379 दिनांक : 05.01.2023

आदेश

बजट घोषणा वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 के अंतर्गत प्रगतिरत्/प्रस्तावित समस्त निर्माण कार्यो की समुचित मॉनिटरिंग एवं देखरेख हेतु पूर्व में जारी विभागीय आदेश क्रमांक 82632 दिनांक 28.09.2022 (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारन्टी योजना हेतु) के अंतर्गत नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारी (अधीक्षण अभियन्तागण) को बजट घोषणा के कार्यो की मॉनिटरिंग हेतु एतदद्वारा नियुक्त किया जाता है। उक्त अभियन्तागण बजट घोषणा के अंतर्गत प्रगतिरत्/प्रस्तावित समस्त कार्यो का नियमित रूप से मौका निरीक्षण करेगें। मौका निरीक्षण उपरांत निरीक्षण रिपोर्ट नियमित रूप से निदेशालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेगें, निरीक्षण रिपोर्ट में निम्नलिखित बिन्दुओं को आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जावे :–

1. प्रस्तावित कार्य डिजाईन एवं ड्राईंग्स के अनुसार किये जाने के संबंध में रिपोर्ट।
2. कार्य की प्रोराटा प्रोग्रेस के अनुसार प्रगति रिपोर्ट।
3. कार्य हेतु थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन के संबंध में रिपोर्ट।
4. कार्य हेतु समस्त क्वालिटी कन्ट्रोल टेस्ट नियमित रूप से किये जाने के संबंध में रिपोर्ट एवं मौके पर टैस्ट से संबंधित रिकॉर्ड संधारित किये जाने के संबंध में टिप्पणी।
5. कार्य पर संबंधित कन्सलटेन्ट द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किये जाने के संबंध में रिपोर्ट।

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांकः एफ 55 ( ) पीए/सीई/डीएलबी/2022/1380–1670 दिनांक :05.01.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राज.।
4. अधिशाषी अभियन्ता, समस्त राज.।
5. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम/परिषद्/पालिका, समस्त राज.।
6. समस्त संबंधित अधीक्षण अभियन्ता श्री.. को उपरोक्तानुसार पालनार्थ।
7. अधिशाषी अभियन्ता, समस्त राज.।
8. प्रोग्रामर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9. सुरक्षित पत्रावली।

Signature valid
Digitally signed by Hridesh Kumar Sharma
Designation : Director
Date: 2023.01.05 13:22:06 IST
Reason: Approved

(हृदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

RajKaj Ref No. : 3024152
D:/Amit ji dlb/ 2022 letter docx/ Bhagat singh